Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-126 | सागवाड़ा, गुरूवार,6 जनवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## गसोनगिरा जंगल में पैंथर की ट्रैकिंग में जुटे वनकर्मी, घायलों का करवाया इलाज

### पैंथर के हमले में 71 भेड़ों की मौत,पोस्टमार्टम कर दफनाया

**आसपुर।** पैंथर के हमले में मरी 71 भेड़ों का सुबह पोस्टमार्टम कर दफनाया गया। घायल 9 भेड़ों का इलाज चल रहा है। वन विभाग की टीम सोनगिरा की पहाड़ियों और जंगल में पैंथर की मूवमेंट को टटोल रहा है।आसपुर रेंजर सेवुलाल ने बताया कि भेड़ों पर हमले में एक जानवर नहीं है। यह संख्या 2 या 3 हो सकती है। उन्होंने बताया कि सोनगिरा की पहाड़ियों, जंगल और भाटोली के आस-पास के जंगल में पहले भी कई बार पैंथर की मूवमेंट नजर आई है। करीब 3 दिन पहले ही गांव के लोगों ने पैंथर के साथ उसके 2-3 शावक देखे थे। वनकर्मियों की टीम जंगल में पैंथर की मूवमेंट ढूंढ रही है लेकिन 12 घंटे बाद भी लोकेशन नहीं पता लगी है। रेंजर ने बताया कि वनक्षेत्र पैंथर का घर है। ऐसे में वह जंगल में रहेगा। उसके रेस्क्यू को लेकर कोई योजना नहीं है। गांवों के लोगों को पैंथर या कोई दूसरा जंगली जानवर दिखाई देने पर अलर्ट रहने और विभाग को बताने के लिए कहा है। डूंगरपुर के साबला थाना क्षेत्र के पिंडावल गांव में बुधवार शाम पूर्व सरपंच कमलजी भाई के घर के पीछे बाड़े में बंधी 71 भेड़ों को पैंथर ने अपना शिकार बनाया। हमले में 9 भेड़ और मेमने घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पुलिस, पशु चिकित्सा और प्रशासन पहुंच गया। देर रात तक वन विभाग पैंथर या दूसरे जानवर की लोकेशन ढूंढता रहा लेकिन कोई पता नहीं लगा।दूसरे दिन गुरुवार सुबह पशुपालन विभाग के नोडल ऑफिसर डॉ. टेकचंद, डॉ. भरत महला, पशुधन सहायक महेंद्र सिंह की टीम गांव पहुंच गई। मरी हुई 71 भेड़ों का एक-एक कर पोस्टमार्टम किया गया। भेड़ों को सोनगिरा की पहाड़ी के नीचे ही जेसीबी से बड़ा गड्ढा कर दफनाया गया। घायल 9 भेड़ों का इलाज किया जा रहा है।

# नए कोरोना केस – एक डॉक्टर, एक बच्चा और दो बुजुर्ग पोजिटिव

### हाउस के प्रभारी डॉ भी शामिल है 7 इसके अलावा डूंगरपुर शहर से 7 लोग है। शहर के आजाद नगर कॉलोनी से 65 वर्षीय पुरुष ओर 63 वर्षीय महिला पॉजिटिव आये

**डूंगरपुर।** जिले में लगातार तीसरे दिन भी कोरोना पोजिटिव केस सामने आये है। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज से आई रिपोर्ट में 10 नए कोरोना केस आये है। जिसमे एक डॉक्टर, एक बच्चा और दो बुजुर्ग शामिल है। इसके साथ ही डूंगरपुर जिले में कोरोना संक्रमितो की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। डूंगरपुर जिले में कोरोना संक्रमितो का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। डूंगरपुर जिले के सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया की डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज लेबोरेट्री से 117 सेम्पल की रिपोर्ट आई है। जिसमे से 10 सेम्पल पोजिटिव आये है। उन्होंने बताया की पोजिटिव मरीजो में डिस्ट्रीक्ट ड्रग वियर हाउस के प्रभारी डॉ भी शामिल है। इसके अलावा डूंगरपुर शहर से 7 लोग है। शहर के आजाद नगर कॉलोनी से 65 वर्षीय पुरुष ओर 63 वर्षीय महिला पॉजिटिव आये है। वही हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से 24 वर्षीय युवती पॉजिटिव पाई गई है। इंद्रा कॉलोनी से 28 वर्षीय महिला, आरएनटी कॉलोनी से 36 साल का युवक, पातेला से 46 वर्षीय महिला ओर 25 साल का एक युवक पॉजिटिव आया है। वहीं झोंथरी के गोरादा से 16 साल का एक बच्चा भी पॉजिटिव आया है।

कोरोना के नए मामले सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट हो गई है। सीएमएचओ ने बताया कि कोरोना मरीजों की ट्रेसिंग की जा रही है। मरीजों से संपर्क कर उन्हें दवाइयां दी जा रही है। वहीं सभी मरीजों के ट्रैवल ओर कॉन्टेक्ट हिस्ट्री देखी जा रही है। मरीजों के परिवार के सभी लोगों को भी होम आइसोलेट किया जा रहा है। परिवार के लोगों की भी सैंपलिंग कार्रवाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ शर्मा ने बताया की वहीं सागवाडा में कल पॉजिटिव आए 10 मरीजों के घरों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुची है ओर घर-घर सर्वे का काम शुरू कर दिया है।

**कोरोना- जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर**

## तैयारी- अस्पताल में 3 हजार लीटर ऑक्सीजन के 3 प्लांट चालू, 305 ऑक्सीजन बेड़ तैयार

**डूंगरपुर।** जिले में कोरोना केस बढ़ने के साथ ही जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया है। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कोविड डेडीकेटेड हॉस्पिटल में मरीजो को भर्ती करने की व्यवस्थाये करना शुरू कर दिया है। हॉस्पिटल में ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू वार्ड सभी व्यवस्थित कर लिए गए है। इधर यूनाइटेड नेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रोजेक्ट ऑफिसर ने भी डूंगरपुर पहुंचकर व्यवस्थाये देखी। डूंगरपुर जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल ने बताया की कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए तैयारियां पूरी करवा ली है। जिले में अब केस बढ़ने लगे है। उन्होने बताया की जिसके चलते कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल में 305 ऑक्सीजन बेड़ तैयार है। वही जरूरत के अनुसार बेड़ की संख्या बढ़ाई जा सकती है। हॉस्पिटल में 3 हजार लीटर ऑक्सीजन के 3 प्लांट चालू है, जिससे 24 घंटे सभी 305 बेड़ पर ऑक्सीजन मिल सकेगी। इसके अलावा 165 ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर है, जिसमें 10 लीटर के 110 ओर 5 लीटर के 55 ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर है। उन्होंने बताया की डेडिकेटेड हॉस्पिटल में 43 बेड़ का आईसीयू वार्ड तैयार है, जिसमें वेंटीलेटर लगे हुए है।

### बच्चों के लिए 10 बेड़ का एनआईसीयू है साथ ही 70 बेड़ का बच्चों का वार्ड भी तैयार

वही बच्चों के लिए 10 बेड़ का एनआईसीयू है साथ ही 70 बेड़ का बच्चों का वार्ड भी तैयार है।

वही 30 बेड़ का पीआईसीयू का काम चल रहा है। कोविड लेबोरेट्री में 5 हजार टेस्ट रोजाना जांच किये जा सकते है, हालांकि अभी रोजाना करीब 500 टेस्ट ही हो रहे है। इधर कोरोना की तीसरी लहर की व्यवस्थाओं को लेकर यूनाइटेड नेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रोजेक्ट ऑफिसर डॉ मुदित माथुर डूंगरपुर पहुंचे जहा पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर, पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल, डिप्टी कंट्रोलर डॉ महेंद्र परमार के साथ बैठक लेते हुए व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी ली।

## राजस्थान में नहीं लगेगा लॉकडाउन- वीकेंड कर्फ्यू : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लॉकडाउन लगाने से साफ इनकार कर दिया है। गहलोत ने फिलहाल वीकेंड कर्फ्यू से भी इनकार किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लॉकडाउन के सवाल पर कहा- राजस्थान में अभी सरकार लॉकडाउन का कोई विचार नहीं कर रही है। लोग सावधानी बरतें और इसे गंभीरता से लें।गहलोत ने कहा- कोरोना की पहली, दूसरी लहर और अब में फर्क है। यह कम घातक है। कई देशों में ओमिक्रॉन आ रहा है, लेकिन वहां पिछली बार की हाहाकार नहीं मचा है। चिंता इस बात की है कि एक्सपर्ट यह कह रहे हैं कि यह जब तेजी से फैलता है, तो इसमें कई म्युटेंट बनकर नया वैरिएंट बन जाता है। ऐसी हालत में यह सबसे ज्यादा खतरनाक हो जाता है। 125 देशों में यह फ़ैल चुका है लेकिन मौतें न के बराबर हैं।राजस्थान में कोरोना की नई पाबंदियों की गाइडलाइन कल 7 जनवरी से लागू हो रही है। इस गाइडलाइन में रात 11 से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू की सख्ती से पालना का प्रावधान है।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कोरोना पॉजिटिव

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। गहलोत कोरोना की दूसरी लहर में भी संक्रमित हुए थे। उन्होंने ट्वीट करके कोरोना संक्रमित होने की जानकारी दी है। उन्हें वैक्सीन की दोनों डोज भी लगी है। इससे पहले उनके बेटे वैभव गहलोत भी बुधवार को पॉजिटिव आए थे। गहलोत ने बताया कि गुरुवार शाम ही मैंने कोविड टेस्ट कराया था, यह पॉजिटिव आया है।

मुख्यमंत्री को बेहद हल्के लक्षण हैं। सूत्रों के मुताबिक वे घर पर ही आइसोलेट हो गए हैं। उन्होंने संपर्क में आए लोगों को कोरोना टेस्ट कराने की सलाह दी है। गहलोत ने गुरुवार दोपहर को ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया था। इधर, बढ़ते केस के चलते इन्वेस्टमेंट समिट राजस्थान स्थगित हो गई है। जयपुर में 24 और 25 जनवरी को सीतापुरा के जेईसीसी कन्वेंशन सेंटर में यह समिट होनी प्रस्तावित थी। इस समिट में देश और विदेशों से बहुत से बिजनेसमैन हजारों करोड़ का इन्वेस्टमेंट करने के लिए आने वाले थे। अब समिट की नई तारीख कोविड के हालात सुधरने पर ही घोषित की जाएगी। सूत्रों ने बताया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समिट पोस्टपोंड करने के निर्देश दिए हैं।

## गुजरात से लगती सीमाओं से प्रवेश करने वाले लोगो की होगी स्क्रीनिंग

* 6 दिनों में जिले में 6 हजार 577 सैंपल लिए गए थे जिसमें 18 कोरोना संक्रमित मरीज मिले
* 2-3 दिनों में स्कूलों के संचालन पर निर्णय लिया जाएगा

**डूंगरपुर।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, गुजरात से लगती सीमाओं से प्रवेश करने वाले लोगो की होगी स्क्रीनिंग, प्रेस वार्ता में जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने दी जानकारी प्रशासन ने गुजरात से डूंगरपुर जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले लोगो की अब बोर्डर पर स्क्रीनिंग की जायेगी। जिला कलेक्टर ने सुरेश कुमार ओला ने आज कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी है। इस दौरान कलेक्टर ने कोरोना की तीसरी लहर को लेकर प्रशासन की तैयारियों की जानकारी भी साझा की।

पत्रकार वार्ता में जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने बताया कि पिछले 6 दिनों में जिले में 6 हजार 577 सैंपल लिए गए थे जिसमें 18 कोरोना संक्रमित मरीज मिले है ऐसे में जिले की पोजेटिविटी रेट 0.77 प्रतिशत है। कोरोना संक्रमण में संभावित वृद्धि को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड़ पर आ गया है तथा चिकित्सा विभाग और पुलिस विभाग के साथ मिलकर हर परिस्थिति से निबटने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि कोविड अस्पताल को पुन: व्यवस्थित किया जा रहा है तथा ऑक्सीजन और चिकित्सकीय उपकरणों के साथ मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा ब्लॉक स्तर पर दवाइयों के 5 हजार कीट की व्यवस्था की जा रही है ।

## मस्तान बाबा की याद में हुआ एक हजार मास्क व थैलियों वितरण




**डूंगरपुर।** कौमी एकता के प्रतिक हजरत किबला मस्तान शाह बाबा कि याद मे एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर कि और से तहसील चौराहे पर मास्क वितरण कार्यक्रम पुलिस उप अधीक्षक जनाब राकेश शर्मा, डूंगरपुर सभापति जनाब अमृत कलासुआ, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जनाब डॉ शंकर यादव, ट्रॉफिक इंचार्ज जनाब रमेश पाटीदार ,देवेन्द्र सिंह व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के सानिध्य मे आयोजित किया गया।प्रारम्भ में पुलिस उप अधीक्षक जनाब राकेश शर्मा का ग्रुप कि और से मोमेंटो देकर इस्तकबाल किया गया व ट्रॉफिक इंचार्ज रमेश पाटीदार को उनके अच्छे कार्यो के मेडल व मोमेंटो देकर हौसलाअफजाई किया।


इस अवसर पर कपडे कि थैलियो का वितरण कर सभी प्लास्टिक बैग उपयोग नही करने के लिए प्रेरित किया गया,ग्रुप कि और से आज 1000 मास्क का वितरण कर सभी को मास्क का उपयोग कर कोरोना से बचाव के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अब्दुल हाफिज मकरानी,सदीप सेठिया, आसीफ मुल्तानी, फरदीन ,ट्राफिक पुलिस कि पूरी टीम मौजूद थी आभार रमेश पाटीदार ने व्यक्त किया।

## चोरों के कब्जे से मिली 16 किलो चांदी

**परतापुर की आदिनाथ कॉलोनी के जैन मंदिर में चोरी का मामला, दूसरा आरोपी भी पकड़ा**

**बांसवाड़ा।** परतापुर स्थित आदिनाथ कॉलोनी के श्रीदिगम्बर जैन मंदिर से चोरी 16 किलो चांदी भी पुलिस ने बरामद कर ली है। वहीं मामले में वांछित तीसरे चोर को भी गिरफ्तार किया, जबकि चोर गैंग का सरगना अनिल अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इससे पहले 31 दिसम्बर की रात को चोरों ने मंदिर से करीब 18.31 किलो चांदी के आभूषण, सिंघासन और चांदी की प्रतिमाएं चोरी की थी। मामले में पुलिस ने 72 घंटे में वारदात का खुलासा करते हुए एक नाबालिग को डिटेन किया था। वहीं एक आरोपी की धरपकड़ की थी। पुलिस की ओर से चोरी गई 66 किलो वजनी अष्टधातु की 6 प्रतिमाएं पहले बरामद की जा चुकी है। पुलिस लाइन में गुरुवार शाम को हुई पत्रकार वार्ता में बांसवाड़ा स्क्र राजेश कुमार मीणा ने बताया कि मामले में उपला पातेला थाना अरथूना निवासी कपिल चरपोटा पुत्र शंकर चरपोटा की गिरफ्तारी पहले की गई थी, जबकि बाकी के आभूषण की बरामदगी के साथ ही चौबीसों का पाड़ला निवासी अर्पित डोडियार पुत्र प्रकाश डोडियार को गिरफ्तार किया गया है।

## आचार्य सुनील सागरजी ससंघ का करावली मे प्रवेश, शांतिनाथ महार्चना सम्पन्न



**करावली।** चतुर्थ पट्टाधीश जैनाचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ का गुरुवार सुबह खेराड से विहार कर करावली मे मंगल प्रवेश हुआ जहा सकल बीसा नरसिंहपुरा दिगम्बर जैन समाज करावली द्वारा बैण्ड बाजों के साथ आचार्य संघ की मंगल अगवानी की गई प्रवेश के बाद आचार्य संघ ने सुपार्श्वनाथ जिनालय मे दर्शन किए। वही मध्यान्ह मे मन्दिर परिसर मे प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद पगारिया विरल सागवाडा के तत्वावधान मे श्री शांतिनाथ महार्चना विधान किया गया जिसमे इन्द्र इन्द्राणियों के समूह द्वारा प्रतिष्ठाचार्य पगारिया के मंत्रोच्चारण के साथ विधान मंडप पर विश्व मे शान्ति कामनार्थ 125 अष्ट द्रव्य श्रीफल युक्त अर्घ समर्पित किये गये।

### अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर परिषद हुई सख्त

## सभापति ने बनायीं टीम और कहा, कार्यवाही में नहीं बरते कोई लापरवाही

**डूंगरपुर।** नगरपरिषद अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब और सख्त होगी जिसको लेकर सभापति अमृत कलासुआ ने सात सदस्यी टीम बनायीं जो शहर में अवैध निर्माण, पॉलीथिन मुक्त अभियान, खाली पड़े भूखंड की सफाई, बिना स्वीकृति के पेड़ काटने पर कार्यवाही,रोड किनारे स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित बिठाना सहित मास्क नहीं पहनने वालो पर कार्यवाही सहित अन्य कार्यो का निष्पादन करेगी। सभापति ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने हेतु नियमित रूप से टीम कार्यवाही करे और नियमित रूप से मुझे दैनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। सभापति ने कहा कि हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भाग ले रहा है और इसको लेकर सख्त कार्यवाही करे,किसी भी कार्यवाही में कोई संकोच न करे एवं सीधा मुझसे सम्पर्क करे। इस अवसर पर आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने टीम से कहा कि टीम प्रतिदिन कार्यवाही करे और कार्यवाही में कोई लापरवाही न बरते उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण पर सख्त कार्यवाही करे वही खाली पड़े भूखंड पर तत्काल सफाई कराकर नगरपरिषद का बोर्ड लगाकर भूखंड मालिक से जुर्माना वसूला जाए और अवैध निर्माण को लेकर सख्त कार्यवाही करे ।

वही पॉलीथिन मुक्त शहर हेतु नियमित कार्यवाही करके आमजन को कपड़ों की थेलियो उपयोग करने हेतु प्रेरित करे।

आयुक्त ने कहा कि सभापति के निर्देश अनुसार टीम में अमृत मीणा, प्रशांत पंड्या,धुलेश्वर परमार, शांतिलाल कटारा, कवरलाल मीणा, मो रजा, और रमेश कोटेड रहेंगे जो प्रतिदिन उक्त कार्यवाही करेंगे। बैठक में परिषद के सहायक नगर नियोजक सचिन पंड्या भी मौजूद रहे।

## मौसम,रातभर रुक-रुककर बूंदाबांदी, सुबह भी रहे बादल


### तापमान में 5 डिग्री की गिरावट

**डूंगरपुर।** रातभर रूक-रुककर चला बूंदाबांदी और फुहारों का दौर गुरुवार सुबह तक चला। तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। डूंगरपुर जिले में बुधवार शाम के समय से मौसम का मिजाज बदल गया है। शाम के समय ही आसमान में बादल छा गए। रात को फुहारे और बूंदाबांदी शुरू हो गई। रातभर रूक-रूककर जारी रही। गुरुवार सुबह भी आसमान में काले बादल छाए रहे, जिस कारण 9 बजे तक अंधेरा पसरा हुआ हैं। रिमझिम ओर बूंदाबांदी का दौर चल रहा है। धुंध के कारण दूर तक दिखाई देना भी मुश्किल हैं। मावठ की बारिश और धुंध के कारण सर्दी का असर बढ़ गया है। तापमान में 5 डिग्री की गिरावट के साथ 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सुबह के समय दफ्तर या काम से निकलने वाले लोगों को ठंड के साथ ही बारिश से बचाव के लिए भी कपड़े पहनने पड़े। मावठ की बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए है। कृषि विभाग के उप निदेशक गौरीशंकर कटारा ने बताया कि मावठ की बारिश से फसलों को फायदा ही होगा। इन दिनों फसलों को सिंचाई की जरूरत है और बारिश से फसल अच्छी होगी।

## पांच बीघा भूमि को पालिका ने कब्जे में लिया, तारबंदी की

### पालिका की भूमि से हटाये जा रहे अतिक्रमण हो रही तारबंदी, शहर में खाली पड़ी भूमि का हो रहा सर्वे

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा सरकारी भूमि जिसपर पालिका का अधिकार है कि साफ सफाई करवा कर तारबंदी करवा रही है। शहर के अलग अलग क्षेत्रों में जहा जहां भी पालिका की भूमि है उसकी तारबंदी करवाई जा रही है। नगर पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि पालिका क्षेत्र में जहां जहां भी नगर पालाकी भूमि है उसका सर्वे कराया जा रहा है। इसके लिए पटवारी की निगरानी में एक टीम बनाई गई है।



इसके अलावा जहां से भी पालिका की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत मिलती है वहां भी टीम पहुंच कर अतिक्रमण हटा कर तारबंदी करवाती है। खोडनिया ने बताया कि जेठाणा मार्ग पर पालिका की बेशकीमती पांच बीघा भूमि को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। जेठाणा मार्ग पर सामुदायिक भव के लिए भूमि आरक्षित की गई थी। उक्त भूमि पर अलग अलग छोटे बड़े कब्जे थे। जिन्हें हटाकर तारबंदी की गई है। भविष्य में यहां सामुदायिक भवन बनाने की योजना है जिससे की यह शहरवासियों के काम आ सके। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने शहरवासियों से अपील की है कि हरकारी भूमि पर अतिक्रमण नही करें अन्यथा पालिका को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने पड़ेंगे।

# टाइमलाइन में पूरे हों जल जीवन मिशन के कार्य : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य की भौगोलिक स्थितियों एवं हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दृष्टि से जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण योजना है। विगत कुछ समय में प्रदेश में इस योजना के कार्यों को काफी गति मिली है। संबंधित विभाग एवं अधिकारी इस योजना से जुड़े कार्यों को और गति देकर निर्धारित लक्ष्यों को समय पर हासिल करें, ताकि गांव-ढाणी तक लोगों को नल के माध्यम से जल उपलब्ध हो सके। गहलोत गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत प्रदेश में अब तक 52 हजार 647 करोड़ रूपए की स्वीकृतियां जारी होना अच्छा संकेत है। इसमें 8 हजार 20 एकल जल प्रदाय परियोजनाएं एवं 120 वृहद् परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी इन परियोजनाओं का कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुरूप पूरा करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि पेयजल से जुड़ी परियोजनाओं में विलम्ब के कारण संबंधित क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलने में देरी होती है। साथ ही, योजनाओं की लागत भी बढ़ जाती है। अधिकारी यह ध्यान रखें कि जल जीवन मिशन से जुड़ी परियोजनाओं में किसी तरह की देरी ना हो। इन परियोजनाओं में कार्य भी गुणवत्तापूर्ण हो। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ काम किया जाए और कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित हो।